कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अम्बेडकरनगर

चरित्र विकास भवन साबुन गली अकबरपुर- 224122 eeupjn.cdamedkarnagar@gmail.com

पत्रांक 7947 / विविध-09 / 97 दिनांकः 19/09/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी
अम्बेडकरनगर।

विषयः – दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक **"हंसवर में टंकी न लगने से ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित"** के सम्बन्ध में।

महोदया,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक **" हंसवर में टंकी न लगने से ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित "** की आख्या निम्नवत है-

क्र0सं0	प्रकाशित खबर	आख्या
1.	अम्बेडकरनगर जिले के हंसवर थाना क्षेत्र रामनगर ब्लॉक की ग्राम सभा कटोखर में जल जीवन मिशन के तहत बनी पेयजल परियोजना तीन साल बाद भी अधूरी है। पानी की टंकी का ढांचा तैयार है, लेकिन उस पर टंकी स्थापित नहीं की गई है, जिससे पूरे गांव में पेयजल आपूर्ति शूरू नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम सभा में पाइपलाइन बिछाने का काम पहले पूरा हो चुका है। विभाग ने सितम्बर 2025 तक घर-घर शुद्ध पेयजल आपूर्ति शुरू करने का दावा किया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीतने के बावजूद योजना पूरी तरह से शुरू नहीं हो सकी है। इस कारण कटोखर के ग्रामीण आज भी शुद्ध पेयजल से वंचित है। वे लम्बे समय से इस सुविधा के शुरू होने का इंतजार कर रहे है। ग्राम सचिव गंगाराम गुप्ता ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए परियोजना का कार्य अभी अधूरा है। जल जीवन मिशन ने योजना का निर्माण कार्य पूरा कर ग्राम पंचायत को अभी तक हैंडओवर नहीं किया है, जिसके चलते जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अधूरे कार्य को जल्द पूरा कर योजना का संचालन शुरू कराया जाए, ताकि उन्हें शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सकें।	इस सन्दर्भ में सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री रजत पटेल द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया है। जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि कटोखर पेयजल योजना निर्माणाधीन है। इस योजना के अन्तर्गत बाउड्रीवाल, पम्प हाउस, सोलर पैनल का कार्य पूर्ण हो गया है एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य 80% पूर्ण हो गया है तथा पाइप लाइन का कार्य 16.412 मी0 के सापेक्ष 14.712 मी0 का कार्य पूर्ण है, गृह जल संयोजन का कार्य 660 नग के सापेक्ष 80 नग कार्य पूर्ण है। अवशेष कार्य माह फरवरी-2027 तक पूर्ण कराते हुए सभी मजरों में नियमित जलापूर्ति की जायेगी।

संलग्नक- फोटो ग्राफ संलग्न

भवदीय

(कमला शंकर)
अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठ संख्या- / / दिनांकः-

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अम्बेडकरनगर।
2. जिला सूचना अधिकारी महोदय, अम्बेडकरनगर।
3. अधीक्षण अभिन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अयोध्या।
4. सहायक अभियन्ता /जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अम्बेडकरनगर

चरित्र विकास भवन साबुन गली अकबरपुर- 224122 eeupjn.cdamedkarnagar@gmail.com

पत्रांक / / दिनांकः

सेवा में,

जिलाधिकारी
अम्बेडकरनगर।

विषयः – दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक **"हंसवर में टंकी न लगने से ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित"** के सम्बन्ध में।

महोदया,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक **" हंसवर में टंकी न लगने से ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित "** की आख्या निम्नवत है-

क्र0सं0	प्रकाशित खबर	आख्या
1.	अम्बेडकरनगर जिले के हंसवर थाना क्षेत्र रामनगर ब्लॉक की ग्राम सभा कटोखर में जल जीवन मिशन के तहत बनी पेयजल परियोजना तीन साल बाद भी अधूरी है। पानी की टंकी का ढांचा तैयार है, लेकिन उस पर टंकी स्थापित नहीं की गई है, जिससे पूरे गांव में पेयजल आपूर्ति शूरू नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम सभा में पाइपलाइन बिछाने का काम पहले पूरा हो चुका है। विभाग ने सितम्बर 2025 तक घर-घर शुद्ध पेयजल आपूर्ति शुरू करने का दावा किया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीतने के बावजूद योजना पूरी तरह से शुरू नहीं हो सकी है। इस कारण कटोखर के ग्रामीण आज भी शुद्ध पेयजल से वंचित है। वे लम्बे समय से इस सुविधा के शुरू होने का इंतजार कर रहे है। ग्राम सचिव गंगाराम गुप्ता ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए परियोजना का कार्य अभी अधूरा है। जल जीवन मिशन ने योजना का निर्माण कार्य पूरा कर ग्राम पंचायत को अभी तक हैंडओवर नहीं किया है, जिसके चलते जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अधूरे कार्य को जल्द पूरा कर योजना का संचालन शुरू कराया जाए, ताकि उन्हें शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सकें।	इस सन्दर्भ में सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री रजत पटेल द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया है। जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि कटोखर पेयजल योजना निर्माणाधीन है। इस योजना के अन्तर्गत बाउड्रीवाल, पम्प हाउस, सोलर पैनल का कार्य पूर्ण हो गया है एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य 80% पूर्ण हो गया है तथा पाइप लाइन का कार्य 16.412 मी0 के सापेक्ष 14.712 मी0 का कार्य पूर्ण है, गृह जल संयोजन का कार्य 660 नग के सापेक्ष 80 नग कार्य पूर्ण है। अवशेष कार्य माह फरवरी-2027 तक पूर्ण कराते हुए सभी मजरों में नियमित जलापूर्ति की जायेगी।

संलग्नक- फोटो ग्राफ संलग्न

भवदीय

(कमला शंकर)
अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठ संख्या- 7947 / विविध-09 / 97 दिनांकः- 19/09/2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अम्बेडकरनगर।
2. जिला सूचना अधिकारी महोदय, अम्बेडकरनगर।
3. अधीक्षण अभिन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अयोध्या।
4. सहायक अभियन्ता /जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता

दैनिक भास्कर

जल जीवन मिशन परियोजना तीन साल बाद भी अधूरी: हंसवार में टंकी न लगने से ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित

पदमाकर | हंसवार(टांडा), अम्बेडकरनगर
1 महीने पहले

जल जीवन मिशन परियोजना तीन साल बाद भी अधूरी।

अंबेडकरनगर जिले के हंसवर थाना क्षेत्र स्थित रामनगर ब्लॉक की ग्राम सभा कटोखर में जल जीवन मिशन के तहत बनी पेयजल परियोजना तीन साल बाद भी अधूरी है। पानी की टंकी का ढांचा तैयार है, लेकिन उस पर टंकी स्थापित नहीं की गई है, जिससे पूरे गांव में पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है।

ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम सभा में पाइपलाइन बिछाने का काम काफी पहले पूरा हो चुका है। विभाग ने सितंबर 2025 तक घर-घर शुद्ध पेयजल आपूर्ति शुरू करने का दावा किया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीतने के बावजूद योजना पूरी तरह से शुरू नहीं हो सकी है।

इस कारण कटोखर के ग्रामीण आज भी शुद्ध पेयजल से वंचित हैं। वे लंबे समय से इस सुविधा के शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं।

ग्राम सचिव गंगाराम गुप्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना का कार्य अभी अधूरा है। जल जीवन मिशन ने योजना का निर्माण कार्य पूरा कर ग्राम पंचायत को अभी तक हैंडओवर नहीं किया है, जिसके चलते जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अधूरे कार्य को जल्द पूरा कर योजना का संचालन शुरू कराया जाए, ताकि उन्हें शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सके।